Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 19-05-2006

Participants : Virendra Kumar Shri

Title : Need to provide special package to Madhya Pradesh for promotion of tourism in the State.

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) : सभापति महोदय, मध्य प्रदेश् में पर्यटन की दृटि से महत्व रखने वाले अनेक ऐतिहासिक, धार्मिक एवं पुरातात्विक स्थल हैं, जिनमें खजुराहों के कंजरिया महादेव एवं बांके के मंदिर हैं, वे अंतर्राट्रीय मानचित्र पर अपना महत्व रखते हैं। उसके साथ-साथ भेड़ाघाट पंचमढ़ी, ओरछा, उज्जैन का महाकालेश्वर का मंदिर, ओंकारेश्वर, महेश्वर, भोजपुर का शिव मंदिर, मैहर स्थित शारदा मां का मंदिर सागर के पास रानगिर में हरसिद्धि मां का मंदिर पन्ना में प्राणनाथ धाम का मंदिर एवं पन्ना के अन्य प्रसिद्ध मंदिर तथा चित्रकूट आदि महत्वपूर्ण स्थानों की लंबी श्रंखला है। इन स्थानों पर देश से ही नहीं बल्कि विदेशों से भी लाखों की संख्या में पर्यटक मध्य प्रदेश में आते हैं। किंतु पर्यटकों की सुविधा की दृटि से प्रदेश के इन सभी पर्यटन केंद्रों पर सुविधाओं के विस्तार की दृटि से प्रभावी प्रयत्न करने की आवश्यकता है। इन स्थानों तक रेलमार्गों का विस्तार हवाई यात्राओं की संख्याओं में वृद्धि तथा सस्ते एवं आर्कांक रेस्ट हाऊस एवं होटलों की संख्या में वृद्धि की आवश्यकता है। इसके साथ ही राट्र भाव एवं सेवाभाव से मार्गदर्शन करने वाले प्रशिक्षित शासकीय का कार्ड होल्डरधारी गाइडों को भी नियुक्त करने की आवश्यकता है। केंद्र सरकार द्वारा इस संबंध में राज्य सरकार के साथ पर्यटक सुविधाओं में विस्तार करने से देश की राज्स्व आय में वृद्धि के साथ ही साथ हमारी संस्कृति, धर्मिक स्थलों एवं पुरातत्व के स्थानों को देशी, विदेशी पर्यटक ज्यादा अच्छे ढंग से जान सकेंगे।

अतः मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि मध्य प्रदेश में पर्यटक सुविधाओं के विस्तार हेतु विशो पैकेज देकर एवं पर्यटन एवं संस्कृति मंत्रालय द्वारा एक कार्य योजना बनाकर प्रदेश के पर्यटक केंद्रों को सुंदर, आर्कांक एवं भ्रमणीय बनाने का सहयोग करें।